अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 विधि आयोग की रपट और अपराधियों को सजा दिलाने में...
6 भारत ने रचा इतिहास, एशियन गेम्स में पहली बार...
7 खेलों के लिए पैसों की कमी नहीं होगी बजट को एक हजार करोड़ तक बढ़ाया ...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-37 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# एक के बदले में पांच को मारा, देवरिया में 6 लोगों के हत्याकांड के अंदर की ये कहानी सामने आई

**देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जिसके चलते 5 लोगों की हत्या हो गई**

देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जिसके चलते 6 लोगों की हत्या हो गई. बताया जा रहा है कि इस वारदात से पहले जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की धारदार हथियार से हुई हत्या के प्रतिशोध में अंजाम दिया गया है. विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि यादव के समर्थकों ने दुबे के घर पर हमला कर दिया, जिसमें दुबे सहित पांच लोग मारे गए. वहीं, पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आखिर ये घटना क्यों घटी?

घटना की विस्तार से जानकारी देते हुए देवरिया के जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया, लगभग 8 बजे करीब हम लोगों को सूचना मिली कि रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव के लहड़ा टोले में एक वारदात घटित हुई है जिसमें बताया यह गया है कि एक पक्ष के एक आदमी की तुरंत डेथ हुई थी बाकि 6 लोग पुलिस को अनकॉन्शियस स्टेज में मिले थे, जिनको हमने देवरिया मेडिकल कॉलेज में रेफर किया. डॉक्टरों के एग्जामिनेशन के बाद शायद 5 लोगों की डेथ बताई जा रही है।

डीएम ने आगे कहा, मैटर शायद पुरानी रंजिश को लेकर बताया जा रहा है. एक पुराना जमीनी विवाद था जिसमें सत्य प्रकाश दुबे के भाई थे, साधू दुबे. उन्होंने अपने हिस्से की पूरी जमीन प्रेम यादव को बेची थी. प्रेम यादव उस जमीन पर काबिज थे, जिसके मैटर आज से 7-8 साल पहले सुलझ गया था. चुकीं इसमें अटैक पर डेथ हुई है और बाद में रिटेलिएशन में बाकी घटना बताई जा रही है. अभी एक डीएम सटीक कुछ भी कह पाना मुश्किल है. हम लोग जांच पड़ताल कर रहे हैं, जैसे ही हमें आगे की जानकारी मिलेगी, उसे साझा किया जाएगा।

### सीएम योगी ने लिया मामले का संज्ञान

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. वहीं, इस घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।





# महात्मा गांधी को नमन... पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि,राष्ट्रपति मुर्मू भी पहुंचीं राजघाट

**दिल्ली।** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजघाट पहुंचे और बापू को श्रद्धांजलि दी. पीएम मोदी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना सहित तमाम नेताओं ने राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धांजलि दी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी.

इससे पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'गांधी जयंती के विशेष अवसर पर मैं महात्मा गांधी को नम करता हूं. उनकी कालजयी शिक्षाएं हमारा पथ आलोकित करती रहती हैं. महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है. हम सदैव उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. उनके विचार प्रत्येक युवा को उस परिवर्तन का वाहक बनने में सक्षम बनाएं, जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर ट्वीट कर कहा, लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं. उनकी सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और 'जय जवान, जय किसान' का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है. भारत की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनका नेतृत्व अनुकरणीय है. हम हमेशा एक मजबूत भारत के उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम करते रहें।

# तीन लाख रुपये का इनामी संदिग्ध आतंकी दिल्ली में गिरफ्तार, NIA के मोस्ट वांटेड लिस्ट में था शामिल

एनआईए के अनुसार, मामले के आरोपियों ने पुणे में बम कार्यशालाएं संचालित कीं, जिसके लिए उन्होंने कथित तौर पर एक डेमो आईईडी बनाया और एक नियंत्रित विस्फोट किया। कथित तौर पर जंगलों और अन्य स्थानों पर बम परीक्षण भी किए गए।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक मोहम्मद शाहनवाज (27) को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसका कथित तौर पर आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के साथ संबंध हैं। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि शाहनवाज पुणे पुलिस की हिरासत से भाग निकला था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### पेशे से माइनिंग इंजीनियर शाहनवाज बम बनाने का उस्ताद माना जाता है

पुलिस के मुताबिक पेशे से माइनिंग इंजीनियर शाहनवाज को बम बनाने का उस्ताद माना जाता है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएसआईएस मॉड्यूल से जुड़े और हिरासत में लिए गए चार-पांच अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है।




### पुणे आईएसआईएस केस में वांटेड दो आतंकी अब भी फरार

दिल्ली पुलिस को कुछ दिन पहले आईएसआईएस के तीन आतंकियों के राजधानी में छिपे होने की सूचना दी गई थी। इसके बाद से ही पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और तीनों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार 2 अक्टूबर को पुलिस ने शाहनवाज को पकड़ लिया। हालांकि पुणे आईएसआईएस केस में वांटेड दो आतंकी रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्लाह फयाज शेख अब भी फरार चल रहे हैं।

# 2 अक्टूबर को दिल्ली में दो बड़े प्रदर्शन, ओल्ड पेंशन को लेकर जुटे सरकारी मुलाजिम तो टीएमसी राजघाट पर देगी धरना



**तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों के बकाए की मांग को लेकर आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक केन्द्र सरकार राशि जारी नहीं कर देती।**

2 अक्टूबर को गांधी जयंती है। वहीं गांधी जयंती के दिन दिल्ली में दो बड़े विरोध प्रदर्शन होंगे। पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर देश भर के सरकारी कर्मचारी रविवार को रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहेगा। वहीं टीएमसी के कार्यकर्ता और नेता भी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचे हैं। टीएमसी का आरोप है कि केंद्र सरकार राज्य को उनका हक नहीं दे रही है।

संपादकीय

# विधि आयोग की रपट और अपराधियों को सजा दिलाने में कानूनी अड़चनें

**समाज में प्रचलित मान्यताओं या कायदों के समांतर कानूनी कसौटियों को लेकर अक्सर बहस होती रही है। कई बार यह किसी जोखिम वाले सामाजिक तबके के हक में बने कानूनों और जमीनी स्थितियों के बीच खींचतान के रूप में भी विवाद का विषय बनता है।**

**विधि आयोग द्वारा पिछले सप्ताह सरकार को सौंपी गई रपट में यौन संबंधों के लिए सहमति उम्र के मसले पर आए सुझावों की व्यावहारिक अहमियत इस रूप में है कि आमतौर पर इसे तकनीकी प्रश्न के रूप में देखा जाता है, लेकिन संदर्भों के लिहाज से कई बार वह एक संवेदनशील स्थिति होती है। इसी तरह, आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण शुरू करने की भी सिफारिश की है, जिसकी शुरुआत तीन साल की जेल की सजा वाले अपराधों से होगी। जहां तक पाक्सो अधिनियम का सवाल है, तो इसे बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिहाज से एक प्रगतिशील कदम के तौर पर देखा जाता है।**




## कानूनी जटिलताओं की वजह से बच निकलते हैं क्रिमिनल



संपादक-
गोपाल गावंडे

इससे पहले बच्चों से होने वाले यौन दुर्व्यवहार के मामले में कानूनी जटिलताओं की वजह से कई बार अपराधियों को वाजिब सजा दिलाने में अड़चनें सामने आती थीं। लेकिन इस कानून के लागू होने के बाद यौन हिंसा संबंधी अपराधों से बच्चों को संरक्षण और दोषियों को सजा दिलाने के मामले में काफी प्रभावी नतीजे देखे गए हैं।

### सहमति की मौजूदा उम्र में कोई बदलाव न करने का सुझाव

हालांकि भारत में सामाजिक स्तर पर कई बार ऐसी स्थितियां देखी जाती रही हैं, जिनमें सोलह से अठारह वर्ष के किशोरों के बीच मौन स्वीकृति से बने यौन संबंधों को पाक्सो कानून के तहत अपराध के दायरे में देखा जाता है। इसलिए सहमति से यौन संबंधों की उम्र को अठारह वर्ष से कम करने की मांग भी उठती रही है। अब विधि आयोग ने सरकार को पाक्सो कानून के तहत सहमति की मौजूदा उम्र में कोई बदलाव न करने का सुझाव दिया है।

साथ ही आयोग ने सोलह से अठारह वर्ष के बीच के किशोरों की परस्पर सहमति से बने संबंधों से जुड़े मामलों में सजा सुनाने के संदर्भ में निर्देशित न्यायिक विवेक का उपयोग करने की सलाह दी है। भारत में कानूनी स्तर पर तय उम्र से पहले यानी नाबालिगों के विवाह या सामाजिक जीवन से जुड़ी अन्य स्थितियों के मद्देनजर कई बार सहमति से बने यौन संबंधों को अपराध के वर्ग में रखने को लेकर सवाल उठाया जाता है। मगर इस पर विधि आयोग की चिंता वाजिब है कि अगर इस मामले में उम्र में छूट दी गई तो न केवल बाल दुर्व्यवहार और बाल विवाहों, बल्कि बाल तस्करी के खिलाफ भी लड़ाई पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। गौरतलब है कि बाल तस्करी के मामलों में सजा की दर पहले ही काफी कम रही है।

समाज में प्रचलित मान्यताओं या कायदों के समांतर कानूनी कसौटियों को लेकर अक्सर बहस होती रही है। कई बार यह किसी जोखिम वाले सामाजिक तबके के हक में बने कानूनों और जमीनी स्थितियों के बीच खींचतान के रूप में भी विवाद का विषय बनता है। ऐसे में जोखिम वाले तबके के रूप में बच्चों और किशोरों को चिह्नित करके उनके संरक्षण या हित में बने कानून को उसके वास्तविक संदर्भों में ही देखा जाना चाहिए। इसके अलावा, किसी वारदात के बाद पीड़ित की ओर से पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी और उसमें टालमटोल के मामले छिपे नहीं रहे हैं।

इसकी वजह से कई बार अपराधियों को उचित सजा नहीं मिल पाती है। इसके मद्देनजर विधि आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण करने की सिफारिश की है, ताकि नागरिक वास्तविक समय में अपराध की सूचना पुलिस महकमे को दे सकें। जाहिर है, विधि आयोग के ताजा सुझाव वास्तविक स्थितियों के आकलन और कानून की कसौटियों को उनकी व्यावहारिकता में देखने की जरूरत दर्शाते हैं।

राजनीति

# सीट शेयरिंगज मोदी बनाम कौन और AAP की कांग्रेस से लड़ाई, INDIA की मुंबई बैठक में नहीं निकला समाधान तो विपक्ष की बढ़ेगी टेंशन!




**लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन ने खुद को एकजुट करने का काम कर लिया है, लेकिन कई ऐसी चुनौतियां हैं जिनसे अभी भी पार पाना बाकी है।**

**विपक्ष ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर खुद को एक करने का काम कर लिया है। नाम भी दिया गया है इंडिया। यानी कि जमीन पर नेरेटिव भी सेट किया जा रहा है और देशभक्ति वाली पिच पर भी बीजेपी को चुनौती देनी की तैयारी है। लेकिन वो चुनौती तभी सही मायनों में दी जा सकेगी जब इंडिया गठबंधन खुद को कई दूसरी चुनौतियों से उबार पाएगा। अभी तक इंडिया गठबंधन ने दो बैठक कर ली हैं, लेकिन सीट शेयरिंग, चेहरे और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर ज्यादा आगे नहीं बढ़ा गया है।**

हर पार्टी को करना विकास, सीटों पर समझौता कैसे?

अब विपक्ष का ये कुनबा एक बार फिर एकजुट होने जा रहा है। इस बार मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक फिर कई मुद्दों पर चर्चा की जानी है। अब इन मुद्दों में सीट शेयरिंग वाला मुद्दा कहां रहता है, इसी पर आगे का सारा खेल चलने वाला है। जब तक सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो जाता, अंदरूनी झगड़ों से इंडिया गठबंधन ग्रस्त रहने वाला है। इस समय कई पार्टियों की तरफ से डिमांड आनी शुरू हो चुकी है। कोई दिल्ली में सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है तो किसी को अब महाराष्ट्र में अपना विकास करना है। यानी कि एकजुट होना है, लेकिन निजी स्वार्थ को नहीं त्यागना।

क्क को साथ लेकर चलना कांग्रेस के लिए मुश्किल

ये इस समय विपक्षी एकता में एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। इसकी शुरुआत राजधानी दिल्ली से हो गई जब कांग्रेस ने ऐलान कर दिया कि वो सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है। मतलब एक तरफ आम आदमी पार्टी को इंडिया का हिस्सा बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ उसी को चुनौती देने की बात भी हो रही है। जानकार कांग्रेस के इस कदम को विपक्षी एकता में एक बड़ी दरार की तरह देख रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पार्टी कहने को अभी कई राज्यों में मजबूत नहीं है, लेकिन दिल्ली और पंजाब में उसने खुद को साबित कर दिया है। प्रचंड बहुमत वाली सरकार चलाई जा रही है, ऐसे में यहां पर उसकी बारगेनिंग पावर ज्यादा है। लेकिन उस बीच कांग्रेस का ये कहना कि वो दिल्ली में सभी सात सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, इसने क्क को नाराज कर दिया है।

इसी तरह उद्धव गुट की शिवसेना भी महाराष्ट्र में दूसरी सहयोगी पार्टियों के लिए ज्यादा सीटें छोड़ने को राजी नहीं है। संजय राउत ने भी कह दिया है कि हर पार्टी को अपना विकास करने की जरूरत है। अब विकास जरूरी है, लेकिन किस कीमत पर? मोदी को हराने की बात चल रही है, बीजेपी को रोकने की बात कही जा रही है, लेकिन उसके लिए जो समझौता किया जाना है, उस पर सब अभी तक राजी नहीं दिख रहे हैं।

सीट शेयरिंग में हर राज्य कांग्रेस के लिए चुनौती

वैसे सीट शेयरिंग वाली चुनौती तो अभी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे राज्यों में भी आने वाली है। यूपी में अखिलेश यादव की सपा, कांग्रेस के सामने चुनौती रहेगी तो बंगाल में ममता बनर्जी टीएमजी के लिए ज्यादा सीटें चाहेंगी। इसी तरह बिहार में आरजेडी और जेडीयू के बीच कांग्रेस की बारगेनिंग पावर कम रह जाएगी। इसके ऊपर गुजरात जहां पर इस बार क्क ने कांग्रेस का खेल बिगाड़ा, ऐसे में केजरीवाल भी अपनी पार्टी के लिए यहां से कुछ सीटें जरूर चाहेंगे। यानी कि सीट शेयरिंग ही सबसे बड़ी सिरदर्दी है, जब तक इस पर मंथन नहीं हो जाता, इंडिया गठबंधन की ये राह कन्फ्यूजन से भरी मानी जाएगी।

मोदी बनाम राहुल, कितने नेता सहमत?

अब सीट शेयरिंग पर चर्चा करनी है तो इसके साथ-साथ मोदी बनाम कौन वाले सवाल का जवाब ढूंढना भी जरूरी हो गया है। विपक्ष ज्यादा लंबे समय तक खुद को इस सवाल से नहीं बचा सकता है। बीजेपी की सबसे बड़ी रणनीति ही ये है कि मुकाबले को किसी तरह मोदी बनाम कौन पर लाया जाए। ऐसे में जब तक विपक्ष की तरफ से मजबूत चेहरा प्रोजेक्ट नहीं किया जाएगा, बीजेपी की राह आसान बन जाएगी। अभी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में राहत मिल गई है, ऐसे में कांग्रेस जरूर उन्हें ही आगे करना चाहेगी। लालू प्रसाद से लेकर कुछ दूसरे नेता इसका समर्थन भी कर सकते हैं। लेकिन क्योंकि खुलकर कुछ नहीं कहा जा रहा, ऐसे में राहुल की दावेदारी को लेकर अभी पुष्टि नहीं की जा सकती।

प्रचार की रणनीति क्या होगी?

वैसे इस बार जो मुंबई में बैठक होने जा रही है, उसमें इस बात पर चर्चा जरूर की जाएगी कि किन मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन आगे बढ़ने वाला है। जोर देकर कहा गया है कि लोगों के बीच में कई मुद्दों को लेकर जागरूकता फैलाना जरूरी है। उदाहरण के लिए संविधान को बचाने वाला जो नेरेटिव है, उस पर विपक्ष इस बार मंथन करने जा रहा है। वहीं सीट शेयरिंग पर ममता के फॉर्मूले पर ही आगे बढ़ने की बात भी हो सकती है। सीएम ममता ने कहा था कि एनडीए उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष भी एक ही उम्मीदार को मैदान में उतारे। मतलब साफ था कि हर सीट पर एक साझा प्रत्याशी होना चाहिए। अब जमीन पर ये कितना साकार होता दिखता है, ये इंडिया गठबंधन की असल परीक्षा है।

# 20 मिनट में लूट की दो वारदातें क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को पकड़ा, एरोड्रम पुलिस ने फुटेज देखने के बाद ही दर्ज किया केस

**इंदौर के एरोड्रम इलाके में 20 मिनट में दो लूट की वारदात करने वाले आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया है। आरोपी अलग-अलग इलाके के रहने वाले हैं। दोनों पर पहले से अपराध भी दर्ज हैं। एरोड्रम पुलिस ने पहले पीड़िता को थाने से रवाना किया और फुटेज देखने के बाद ही लूट की एफआईआर दर्ज की। बाद में क्राइम ब्रांच ने लगातार फुटेज निकालकर आरोपियों को दबोच लिया। उन्हें अब आगे की पूछताछ के लिये एरोड्रम पुलिस के सुपुर्द किया गया है।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने एरोड्रम इलाके में हुई एक के बाद एक दो लूटों के मामले में दो आरोपी गौरव और सागर को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी तुकोगंज वहीं दूसरा गांधी नगर इलाके का रहने वाला है।

### 20 मिनट में की थी दो वारदातें

आरोपियों ने 20 मिनट के अंतर में ही दो वारदातों को अंजाम दिया। जिसमें उषा जैन निवासी अंजनी नगर के साथ 60 फीट रोड पर लूट की वारदात की। आरोपियों ने यहां महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा और फरार हो गए। एरोड्रम पुलिस लूट मानने को तैयार नहीं थी। मौके पर जाकर जब पुलिस ने फुटेज देखे तो एफआईआर दर्ज की गई। वहीं दूसरी वारदात इसी इलाके में अंकिता अग्रवाल निवासी सुखदेव नगर के साथ हुई। आरोपियों ने शुक्ला पेट्रोल पंप के पास लूट की और सुपर कॉरिडोर की तरफ भाग गए। पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच को दोनों के फुटेज मिले। लेकिन एरोड्रम के खुफिया के सिपाहियों को लुटेरों की जानकारी नहीं मिली। इसके पहले ही क्राइम ब्रांच ने उन्हें दबोच लिया।

## युवक को तलवार मारी

**इन्दौर ।** फरियादी देवेंद्र पिता राम नारायण प्रजापत 45 साल निवासी कुंदन नगर को किसी बात के चलते आरोपी धर्मेंद्र पिता देवनारायण कौशल ने तलवार मार दी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 और 506 का केस दर्ज किया है।

## टक्कर से दो जख्मी

**इन्दौर ।** धार रोड पर मोटरसाइकिल पर जा रहे हैं अशोक पिता जानकी लाल सोलंकी और गोपाल पिता हेमंत वर्मा दोनों निवासी ग्राम कलारिया को ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गांजा सहित पकड़ा पुलिस मल्हारगंज ने

**इन्दौर ।** चेकिंग अभियान के दौरान एक्टिवा पर जा रहे साहिल पिता मदनलाल चौहान निवासी कमला नेहरू कॉलोनी को पकड़ा और तलाशी लेने पर 430 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## देवर ने की छेड़छाड़

**इन्दौर ।** नागिन नगर में रहने वाली महिला की शिकायत पर शिखर पिता विजय शंकर पाल के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसका देवर है और उसे घर में अकेला देखकर छेड़छाड़ कर रहा था।

## एक्टिवा चोर धराया

**इन्दौर ।** फरियादी अभय पिता हरीश शर्मा निवासी अनुराग नगर की तिलक नगर चौराहे से एक्टिव चुरा कर ले जाते हुए शुभम पिता दुलीचंद वर्मा को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## बहु को धमकी दी

**इन्दौर ।** फरियादी रजनी यादव 28 साल निवासी वृंदावन कॉलोनी की रिपोर्ट पर पति किशोर यादव स निर्मला यादव ससुर अनिल यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी रजनी यादव ने पुलिस को बताया कि वह मायके से दहेज नहीं लाई तो पति और अन्य परिजनों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## दो लोगों को धमकाया

**इन्दौर ।** फरियादी सीमा पति अजय साहू निवासी भगत सिंह नगर के घर में घुसकर संगीता पति प्रकाश यादव ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वही कैलाश तिवारी निवासी क्लर्क कॉलोनी के साथ विनोद शर्मा ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज किया है।

## चाकू सहित चार बंदी

**इन्दौर ।** पुलिस एमजी रोड ने पवन पिता केदार खाती और नितिन पिता राम प्रसाद पवार को पकड़ा इनके पास से दो चाकू बरामद किए। इसी प्रकार पुलिस एरोड्रम ने दीपक कम और भगवती भारद्वाज को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू बरामद किए। सभी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

## किशोरी ने जहर खाया

**इन्दौर ।** कनाडिया थाना अंतर्गत ग्राम झलारिया में रहने वाली किशोरी ने जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। किशोरी ने यहां कदम क्यों उठाया यहां भी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पांच लोगों को झगड़ा करते पकड़ा

**इन्दौर ।** सयोगितागंज पुलिस ने मुसाखेड़ी क्षेत्र में झगड़ा करते हुए बसंत पिता गेंदालाल सुरेश पिता रामनारायण मुकेश पिता लक्ष्मी नारायण और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी आपस में झगड़ा कर शांति भंग कर रहे थे। इनके खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज किया है।

## पानी की हौज में डूबने से 6 साल के मासूम की मौत

**इंदौर 2 अक्टूबर खेलते खेलते 6 साल का मासूम बच्चा पानी की हॉज में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मासूम बच्चे का नाम सनी पिता कमल 6 साल निवासी शांति नगर है। पुलिस के मुताबिक कमल घर के पास बड़ी बहन और अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था इसी दौरान वह अचानक गायब हो गया आधे घंटे तक परिवार ने ढूंढा तो पता चला कि घर के सामने पानी की खुली होड़ में वह गिर पड़ा है तत्काल उसे निकाला और अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। परिजन के मुताबिक सनी पिता के साथ बाहर जाने की जीत कर रहा था लेकिन वह नहीं ले गए तो वह बच्चों के साथ खेलने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। बाणगंगा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार घनश्याम पिता रामकरण लोधी 50 साल निवासी गौतमपुरा की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घनश्याम 5 दिन पहले घर की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## दो नाबालिक लड़कियों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### दोनों घटना लसूडिया थाना क्षेत्र की है

**इंदौर ।** लसूडिया थाना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर दो नाबालिक लड़कियों ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से क्षेत्र में मातम पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनी पिता सीताराम राठौर 14 साल निवासी बजरंग नगर काकड़ को किसी कारणवश माने फटकार लगा दी इससे परेशान होकर उसने अपने कमरे में जाकर छठ के पंखे से दुपट्टा लगाकर फांसी लगा ली। परिजन को पता चला तो उसे फंदे से उतरा और अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मूर्त घोषित किया। इसी प्रकार तुलसी नगर निपानिया में रहने वाली 15 वर्षीय वैशाली ने भी अज्ञात कर्म के चलते घर में फांसी लगाकर जान दे दी। प्रारंभिक जांच में दोनों नाबालिग द्वारा उठाए गए इस मामले में कोई सुसाइड पत्र नहीं मिला है। दोनों मामलों में लसूडिया पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### जेवर देखने के बहाने दो बदमाशों ने की ठगी

## बच्ची के साथ आए थे आरोपी, CCTV फुटेज के बाद पुलिस जांच में जुटी



**इंदौर के आजाद नगर इलाके में दो बदमाशों ने एक बच्ची के साथ आकर ज्वेलरी शॉप पर ठगी की। बदमाश यहां से सोने की दो चेन चुराकर फरार हो गए। CCTV फुटेज आने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।**

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक घटना मूसाखेड़ी के विराज ज्वेलर्स की है। यहां रविवार को एक बच्ची को लेकर दो युवक पहुंचे। उन्होंने जेवर दिखाने की बात की। इस दौरान दुकान पर बैठे व्यापारी के भाई को बातों में लगाकर आरोपी के साथी ने चोरी कर ली। उनके जाने के बाद ज्वेलर्स को अपने शोकेस में चेन दिखाई नहीं दी। उन्होंने सीसीटीवी चेक किये तो बदमाश वारदात करता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# दहेज लोभियों से तंग आकर फांसी लगाई, प्रकरण दर्ज

**इंदौर 2 अक्टूबर नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति सहित सास ससुर और देवर के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानी वर्मा 26 साल ने अपने माई के रुस्तम का बगीचा में 10 सितंबर को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने रानू की परिजन और अन्य लोगों के कथन लिए तो पता चला कि रानू को मायके से दहेज लाने के लिए पति भारत वर्मा निवासी स्कीम नंबर 136 सास रामप्यारी बाई वर्मा ससुर ओमप्रकाश वर्मा और देवर आकाश वर्मा आए दिन प्रताड़ित करते थे इसी से परेशान होकर उसने यहां कदम उठाया है। एमआईजी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 304 बी 498 का प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी सुनीता जोशी 30 साल निवासी अन्नपूर्णा की रिपोर्ट पर पति अरविंद जोशी सास अंजली जोशी और ससुर मोहनलाल जोशी आदि के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धारा में केस दर्ज किया है। फरियादी सुनीता जोशी ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से कर लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

# श्राद्ध की तिथियां, नियम, विधि और महत्व

**मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं. उनकी कृपा से जीवन में आने वाली कई प्रकार की रुकावटें दूर होती हैं. व्यक्ति को कई तरह की दिक्कतों से भी मुक्ति मिलती है. हिंदू पंचांग के अनुसार, पितृ पक्ष 29 सितंबर यानी आज से शुरू हो चुके हैं.**

श्राद्ध के दौरान कुल देवताओं, पितरों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है. वर्ष में पंद्रह दिन की विशेष अवधि में श्राद्ध कर्म किए जाते हैं और इसकी शुरुआत आज से हो चुकी है. श्राद्ध पक्ष को पितृपक्ष और महालय के नाम से भी जाना जाता है. ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पृथ्वी पर सूक्ष्म रूप में आते हैं और उनके नाम से किए जाने वाले तर्पण को स्वीकार करते हैं. इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है.

## कब होता है पितृपक्ष ?

पितृपक्ष भाद्रपद की पूर्णिमा से ही शुरु होकर आश्विन मास की अमावस्या तक चलते हैं. आश्विन माह के कृष्ण पक्ष को ही पितृपक्ष कहा जाता है. भाद्रपद पूर्णिमा को उनका श्राद्ध किया जाता है जिनका निधन वर्ष की किसी भी पूर्णिमा को हुआ हो. शास्त्रों में भाद्रपद पूर्णिमा के दिन देह त्यागने वालों का तर्पण आश्विन अमावस्या को करने की सलाह दी जाती है. वहीं वर्ष के किसी भी पक्ष में जिस तिथि को घर के पूर्वज का देहांत हुआ हो उनका श्राद्ध कर्म पितृपक्ष की उसी तिथि को करना चाहिए.

| | |
|---|---|
| 04 अक्टूबर 2023, बुधवार | षष्ठी श्राद्ध |
| 05 अक्टूबर 2023, गुरुवार | सप्तमी श्राद्ध |
| 06 अक्टूबर 2023, शुक्रवार | अष्टमी श्राद्ध |
| 07 अक्टूबर 2023, शनिवार | नवमी श्राद्ध |
| 08 अक्टूबर 2023, रविवार | दशमी श्राद्ध |
| 09 अक्टूबर 2023, सोमवार | एकादशी श्राद्ध |
| 10 अक्टूबर 2023, मंगलवार | मघा श्राद्ध |
| 11 अक्टूबर 2023, बुधवार | द्वादशी श्राद्ध |
| 12 अक्टूबर 2023, गुरुवार | त्रयोदशी श्राद्ध |
| 13 अक्टूबर 2023, शुक्रवार | चतुर्दशी श्राद्ध |
| 14 अक्टूबर 2023, शनिवार | सर्व पितृ अमावस्या |

## पितृ पक्ष में कैसे करें पितरों को याद

पितृ पक्ष में हम अपने पितरों को नियमित रूप से जल अर्पित करें. यह जल दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके दोपहर के समय दिया जाता है. जल में काला तिल मिलाया जाता है और हाथ में कुश रखा जाता है. जिस दिन पूर्वज की देहांत की तिथि होती है, उस दिन अन्न और वस्त्र का दान किया जाता है. उसी दिन किसी निर्धन को भोजन भी कराया जाता है. इसके बाद पितृपक्ष के कार्य समाप्त हो जाते हैं.



## पितृ पक्ष तर्पण विधि

प्रतिदिन सूर्योदय से पहले एक जूड़ी ले लें, और दक्षिणी मुखी होकर वह जूड़ी पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित करके, एक लोटे में थोड़ा गंगा जल, बाकी सादा जल भरकर लौटे में थोड़ा दूध, बूरा, काले तिल, जौ डालकर एक चम्मच से कुशा की जूडी पर 108 बार जल चढ़ाते रहें और प्रत्येक चम्मच जल पर यह मंत्र उच्चारण करते रहे.

## पितृ को प्रसन्न करने के लिए करें ये काम


पितृ पक्ष में अगर कोई जानवर या पक्षी आपके घर आए, तो उसे भोजन जरूर कराना चाहिए. मान्?यता है कि पूर्वज इन रूप में आपसे मिलने आते हैं. पितृ पक्ष में पत्तल पर भोजन करें और ब्राह्मणों को भी पत्तल में भोजन कराएं, तो यह फलदायी होता है.

## इन कार्यों से नाराज होते हैं पितर

श्राद्ध कर्म करने वाले सदस्य को इन दिनों बाल और नाखून नहीं काटने चाहिए. उन्हें ब्रह्मचर्य का पालन भी करना चाहिए. श्राद्ध कर्म हमेशा दिन में करें. सूर्यास्?त के बाद श्राद्ध करना अशुभ माना जाता है. इन दिनों में लौकी, खीरा, चना, जीरा और सरसों का साग नहीं खाना चाहिए. जानवरों या पक्षी को सताना या परेशान भी नहीं करना है.







# बदलेगा कंगना रनोट की तेजस का नाम? एक्ट्रेस ने फिल्म की टीजर रिलीज डेट की आउट



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दम पर पहचान बनाई है। उनकी किसी भी फिल्म में उनका एक्टिंग टैलेंट साफ नजर आता है। अक्टूबर में कंगना की फिल्म तेजस रिलीज होने वाली है। मूवी को सिनेमाघरों में लगने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। कंगना ने फिल्म के टीजर की रिलीड डेट की घोषणा कर दी है।

नई दिल्ली। कंगना रनोट इन दिनों फिल्म चंद्रमुखी 2 के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही हैं। अक्टूबर के महीने में उनकी मूवी तेजस रिलीज होगी, जिसमें एक्ट्रेस एक बार फिर दमदार किरदार परफॉर्म करती नजर आएंगी। कंगना एयरफोर्स पायलट के रोल में दिखेंगी। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आ चुका है और अब टीजर आना बाकी है।

## पायलट के रोल में दिखेंगी कंगना

सर्वेश मेवारा के निर्देशन में बनकर तैयार फिल्म तेजस में पायलट तेजस गिल के रोल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने टीजर रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यह भी बताया है कि फैंस ने फिल्म का नाम बदले जाने की मांग की है।

## कब आ रहा तेजस का टीजर?

दिलचस्प फर्स्ट लुक के साथ फैंस का मनोरंजन करने के बाद कंगना रनोट की तेजस फिल्म का टीजर नेशनल हॉलिडे गांधी जयंती पर रिलीज किया गया।

कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इसकी जानकारी दी कि फिल्म का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज होगा। उन्होंने फिल्म से अपने लुक की एक फोटो शेयर की, जिसमें लिखा था कि फैंस ने डिमांड की है कि तेजस को का नाम बदलकर उरी 2 कर दिया जाए।

### इस दिन रिलीज हो रही फिल्म

कंगना रनोट की यह मच अवेटेड फिल्म 20 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की गणपत, टाइगर नागेशवर राव और यारियां 2 से सीधी टक्कर है। तेजस पहली हवाई एक्शन फिल्म है, जो वायुसेना अधिकारी तेजस गिल की कहानी को बताएगी और कैसे हमारे वायु सेना का पायलट ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए देश की रक्षा को बनाए रखने का अथक प्रयास किया।






# भारत ने रचा इतिहास, एशियन गेम्स में पहली बार एक दिन में जीते 15 मेडल




**चीन के हांगझोउ में जारी एशियन गेम्स का रविवार 1 अक्टूबर को आठवां दिन रहा।इस दिन भारतीय खिलाड़ियों ने गोल्फ, बैडमिंटन, स्क्वैश, मुक्केबाजी, शूटिंग जैसे खेलों में अपनी चुनौती पेश की। एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ी जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं. इन गेम्स के 8वें दिन भारत ने 3 गोल्ड समेत 15 पदक जीत। एशियन गेम्स में भारत ने अब तक कुल 53 मेडल अपने नाम कर लिए हैं इसमें 13 गोल्ड, 22 सिल्वर और 18 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं.**


## भारत की अब तक की पदक तालिका

1. मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता जिंदल- 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट (शूटिंग) **सिल्वर**
2. अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह, मेन्स लाइटवेट डबल स्कल्स (रोइंग) **सिल्वर**
3. बाबू लाल और लेख राम, मेन्स कॉक्सलेस डबल्स- (रोइंग) **कांस्य**
4. मेन्स कॉक्स्ड 8 टीम- (रोइंग) सिल्वर
5. रमिता जिंदल- वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल (शूटिंग) ब्रॉन्ज
6. ऐश्वर्य तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और दिव्यांश पंवार, 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट (शूटिंग) **गोल्ड**
7. आशीष, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनीत कुमार- मेन्स कॉक्सलेस 4 (रोइंग) **ब्रॉन्ज**
8. परमिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह- मेन्स क्वाड्रपल स्कल्स (रोइंग) **ब्रॉन्ज**
9. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर- मेन्स 10 मीटर एयर राइफल (शूटिंग) **ब्रॉन्ज**
10. अनीश, विजयवीर सिद्धू और आदर्श सिंह- मेन्स 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (शूटिंग) **ब्रॉन्ज**
11. महिला क्रिकेट टीम **गोल्ड**
12. नेहा ठाकुर डिंगी - ILCA4 इवेंट (सेलिंग) **सिल्वर**
13. इबाद अली- RS:X (सेलिंग) **कांस्य**
14. दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड, अनुश अग्रवाला और सुदीप्ति हजेला- ड्रेसेज टीम इवेंट (शूटिंग) **गोल्ड**
15. सिफ्त कौर सामरा, आशी चौकसे और मानिनी कौशिक-50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा (शूटिंग) **सिल्वर मेडल**
16. मनु भाकर, ईशा सिंह, रिदम सांगवान- 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा (शूटिंग) **गोल्ड**
17. सिफ्त कौर सामरा- वूमेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग) **गोल्ड मेडल**
18. आशी चौकसे- वूमेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग) **ब्रॉन्ज**
19. अंगद, गुरजोत और अनंत जीत- मेन्स स्कीट टीम स्पर्धा (शूटिंग) **ब्रॉन्ज**
20. विष्णु सर्वनन- ILCA **ब्रॉन्ज**
21. ईशा सिंह, वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल (शूटिंग) **सिल्वर**
22. अनंत जीत सिंह, मेन्स स्कीट (शूटिंग)**सिल्वर**
23. रोशिबिना देवी वुशू (60 किग्रा)**सिल्वर**
24. अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल- मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग) **गोल्ड**
25. अनुश अग्रवाला, ड्रेसेज इंडिविजुअल (घुड़सवारी) **कांस्य**
26. ईशा सिंह, दिव्या टीएस और पलक गुलिया- वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा (शूटिंग) **सिल्वर**
27. ऐश्वर्य तोमर, अखिल श्योराण और स्वप्निल कुसाले- मेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा (शूटिंग) **गोल्ड**
28. रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी- मेन्स डबल्स (टेनिस) **सिल्वर**
29. पलक गुलिया- वूमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग) **गोल्ड**
30. ईशा सिंह- वूमेन्स10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग) **सिल्वर**
31. महिला टीम स्पर्धा (स्क्वैश) **ब्रॉन्ज**
32. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर- मेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग) **सिल्वर**
33. किरण बालियान (शॉट पुट) **ब्रॉन्ज**
34. सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस- 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट (शूटिंग)**सिल्वर**
35. रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोसले, मिक्स्ड डबल्स (टेनिस) **गोल्ड**
36. मेन्स टीम (स्क्वैश) **गोल्ड**
37. कार्तिक कुमार मेन्स 10 हजार मीटर (एथलेटिक्स) **सिल्वर**
38. गुलवीर सिंह- मेन्स 10 हजार मीटर (एथलेटिक्स) **ब्रॉन्ज**

## 1 अक्टूबर को इन खेलों में आए मेडल्स

39. अदिति अशोक (गोल्फ) **सिल्वर**
40. राजेश्वरी कुमारी, मनीषा कीर और प्रीति रजक- वूमेन्स टीम इवेंट ट्रैप (शूटिंग) **सिल्वर**
41. कायन चेनाई, पृथ्वीराज टोंडिमन और जोरावर सिंह- मेन्स टीम इवेंट ट्रैप (शूटिंग) **गोल्ड**
42. कायन चेनाई- मेन्स ट्रैप (शूटिंग) **ब्रॉन्ज**
43. निकहत जरीन- बॉक्सिंग **ब्रॉन्ज**
44. अविनाश साबले- स्टीपलचेज **गोल्ड**
45. तेजिंदर पाल तूर- शॉट पुट **गोल्ड**
46. हरमिलन बैंस- 1500 मीटर **सिल्वर**
47. अजय कुमार- 1500 मीटर **सिल्वर**
48. जिन्सन जॉनसन- 1500 मीटर **ब्रॉन्ज**
49. मुरली श्रीशंकर- लॉन्ग जम्प **सिल्वर**
50. नंदिनी अगासरा- लॉन्ग जम्प **सिल्वर**
51. सीमा पूनिया- डिस्कस थ्रो **ब्रॉन्ज**
52. ज्योति याराजी- 100 मीटर हर्डल **सिल्वर**
53. बैडमिंटन- टीम इवेंट **सिल्वर**



# खेलों के लिए पैसों की कमी नहीं होगी बजट को एक हजार करोड़ तक बढ़ाया जाएगा - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## प्रदेश में मल्लखंब, ब्रेक डांस और ई -स्पोर्ट्स की अकादमी स्थापित की जाएगी

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निशानेबाज श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह को 2 करोड़ 75 लाख, शूटिंग खिलाड़ी आशी चौकसे को एक करोड़ 25 लाख और क्रिकेटर पूजा वस्त्राकर को एक करोड़ के चेक प्रदान किये**

### सम्पूर्ण प्रदेश में खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध

### विक्रम पुरस्कार प्राप्त प्रत्येक खिलाड़ी को शासकीय सेवा में रखा जाएगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। हम खेलों के बजट को एक हजार करोड़ तक बढ़ाऐंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विक्रम पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को शासकीय सेवा में रखा जाएगा। प्रदेश में ब्रेक डांस, मलखम और ई गैम्स की अकादमी स्थापित होगी। खेलों के लिए संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में र्स्पोट्स डवेलपमेंट कॉर्पोरेशन गठित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्ष खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया होंगी। प्रदेश के नए स्टेडियम और पहले से बने स्टेडियमों के संधारण के लिए नई नीति बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्रीहान ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ की घोषणा की। भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में खेलों में उत्कृष्टता की प्रतीक गेम्स ट्राफी का अनावरण कर तथा प्रतिष्ठित खिलाड़ियों से खेलों की मशाल प्राप्त कर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 23 मार्च 2023 को हुई युवा महापंचायत में खेलो एमपी यूथ गेम्स आयोजित करने की घोषणा की थी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया उपस्थित थी। केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया। एशियाड में कमाल दिखा रहे भोपाल शुटिंग अकादमी के निशानेबाज श्री एश्वर्य प्रताप सिंह को 2 करोड़ 75 लाख रुपए और निशानेबाज आशी चौकसे को एक करोड़ 25 लाख का चेक प्रदान किया गया। दोनों खिलाड़ियों के माता-पिता ने चेक प्राप्त किया। महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की सदस्य पूजा वस्त्राकर को एक करोड़ रूपए, सेलिंग की खिलाड़ी नेहा ठाकुर को 50 लाख रुपए और शूटिंग की खिलाड़ी मनीषा कीर को 50 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। नेहा और मनीषा के माता-पिता ने चेक प्राप्त किया।



### खेलेंगे हम- जीतेगा एमपी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चीन में चल रहे एशियाई गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पदक जीतकर प्रदेश को गोरवान्वित किया है। बेटियां, बेटों से पदक जीतने में आगे निकल गई हैं। एक जमाना था जब मध्यप्रदेश खेल में पिछड़ा था, आज मध्यप्रदेश खेल रहा है और देश देख रहा है। हम सम्पूर्ण प्रदेश में खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर के साथ-साथ विकास खण्ड, जिला, संभाग सहित राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन इसी दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खेलेंगे हम- जीतेगा एमपी के संदेश से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने में खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभाग ने उनके नेतृत्व में महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं और खेल गतिविधियों को पर्याप्त विस्तार भी हुआ है।

### माता-पिता बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें- मंत्री श्रीमती सिंधिया

खेल एंव युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के मार्गदर्शन में प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और खेल वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने प्रदेश की 18 खेल अकादमियों के खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार माना। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि अन्य राज्य किसी एक खेल विशेष में उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं जबकि मध्यप्रदेश ने दस विधाओं में सफलता अर्जित की है। श्रीमती सिंधिया ने माता-पिता से अपने बच्चों को खेल को एक केरियर के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आव्हान किया।


केन्द्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच के अनुरूप युवाओं में खेलों में भागीदारी बढ़ रही है। कभी बीमारू कहा जाने वाला मध्यप्रदेश, आज मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में खेल अधोसंरचना के उन्नयन पर ध्यान दिया जा रहा है। खेलों के क्षेत्र में मध्यप्रदेश नई राह पर अग्रसर है। हमारी सरकार ने देश की श्रेष्ठतम खेल सुविधाएं मध्यप्रदेश में उपलब्ध कराई हैं।

### प्रदेश के 1 लाख से अधिक युवा इन खेलों में भाग लेंगे

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर दो लघु फिल्में प्रदर्शित की गईं। स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय खेलो एमपी-2023 की प्रतियोगिताएँ 5 अक्टूबर तक भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, कटनी और शिवपुरी में होंगी। भोपाल में व्हालीबाल, फुटबाल, कुश्ती, बॉक्सिंग, फेंसिंग, जूडो, ताईक्वाडो, टेनिस, क्याकिंग- कैनोइंग, रोइंग और तैराकी की प्रतियोगिताएँ खेली जाएगी। रीवा में कबड्डी, इंदौर में वेटलिफ्टिंग, बास्केटबाल और टेबल टेनिस, ग्वालियर में हॉकी, बैडमिंटन, उज्जैन में मलखंब और योगासन, जबलपुर में खो-खो और आर्चरी, कटनी में शतरंज तथा शिवपुरी में शूटिंग और एथलेटिक्स के मुकाबले होंगे। प्रदेश के एक लाख से ज्यादा युवा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।







# शक्ति की अभिव्यक्ति ही प्रेम की अभिव्यक्ति

जन्मदिन पूजा के अवसर पर संदेश अभी-अभी मैंने इन्हें भारतीय सहयोगियों को बताया कि वह अहम चलित पाश्चात्य समाज की शैली की नकल करने का प्रयत्न करें क्योंकि उसमें यह लोग कठोर शब्द प्रयोग करते हैं और ऐसा करके हम सोचते हैं कि हम आधुनिक हो गए हैं वह ऐसे कठोर शब्दों का उपयोग करते हैं मैं क्या परवाह करता हूं ऐसे सभी वाक्य जो हमने कभी प्रयोग नहीं किए ऐसे वाक्यों से हम परिचित नहीं हैं किसी से भी ऐसे वाक्य कहना अभद्रता है उपयोग नहीं करते हैं जो उन्हें सामान्य में बनाए श्रेष्ठ मानव सुधार यदि आवश्यकता हो तो हम इस प्रकार सुधार किया करते थे दूसरी विधि ठीक नहीं है क्योंकि इससे सुधार नहीं होता देखिए दूसरे तरीके से आप अपने बच्चों को नियंत्रित नहीं कर सकते हर समय आप उन्हें डांटते रहते हैं अपमानित करते रहते हैं अन्य लोगों को अपमानित करते रहते हैं अपमानजनक तरीके और भावनात्मक धमकी तथा यह सारी व्यवस्था इस देश की परंपरा नहीं है ऐसा करने वाले लोग को बाहर फेंक दिया जाएगा आपको ऐसा नहीं करना चाहिए मैं आपको बताती हूं कि सहज योग में आप ऐसा नहीं कर सकते लोगों को अपमानित करने की उनके लिए अपमानजनक परिस्थितियां उत्पन्न करने की धारणाएं आप में नहीं होनी चाहिए यह सब आधुनिक शैली है अतः हमें ऐसा नहीं करना चाहिए सहज योग में हमें अत्यंत गरिमामय आचरण करना चाहिए जो हमारी शैली और हमारी परंपरा के अनुरूप हो सहज योग की परंपरा यह है कि हम लोगों से अत्यंत सभ्य मधुर इसने हमारे एवं प्रोत्साहित करने वाले तरीके से व्यवहार करें हम सबको इसी प्रकार बोलना चाहिए अतः पहली बात मैं यह बताती हूं कि अपने प्रेम की अभिव्यक्ति करते हुए आपको चिल्लाना नहीं चाहिए मैं उन लोगों पर चिल्लाती हूं जिनमें भूत है मेरे चिल्लाने से भूत भाग जाते हैं परंतु यदि आप चिल्ला आएंगे तो आप को भूत पकड़ लेंगे भूत भागेंगे नहीं आता बेहतर होगा कि आप चिल्लाए नहीं यदि आप में मेरी तरह से शक्तियां हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं परंतु आप में यह शक्तियां नहीं है किसी भूत वाले व्यक्ति पर यदि आप चिल्ला आएंगे तो भूत आपको पकड़ लेंगे अतः सावधान रहें मेरी विधियां ना अपनाएं मैं बिल्कुल भिन्न प्रकार की व्यक्ति हूं और सोच समझ कर बात करती हूं आप ऐसा नहीं करते अतः यदि आपने मेरी बातों का अनुसरण करना हो तो मेरी क्षमा प्रेम और स्नेह आदि गुणों को अपनाएं उन चीजों को नहीं जहां में भयंकर होती हूं अब मैं दो चीजें मांग रही हूं बड़ी अटपटी सी बात है



किस प्रकार आप कह सकते हैं मैं तुमसे घृणा करता हूं परंतु अब मैंने लोगों को इस प्रकार बात करते देखा है कि हम में क्या दोष है आप ऐसा कहने वाले कौन होते हैं यह हमारा बात करने का तरीका नहीं है किसी भी अच्छे परिवार का व्यक्ति इस प्रकार बात नहीं कर सकता क्योंकि इस प्रकार की बातों से उसका परिवार प्रतिबिंबित होता है परंतु यह पाश्चात्य देशों की अपेक्षा भाषा की नकल अधिक होती है जिस प्रकार लोग बसों में टैक्सियों में रास्ते में बातचीत करते हैं उस पर मुझे हैरानी होती है यह मेरी समझ में नहीं आता अतः मैंने उनसे कहा है कि भाषा प्रेममय तथा हमारी पारंपरिक शैली में होना चाहिए इस प्रकार तो हम अपने बच्चों को भी नहीं डांटते अपने बच्चों को भी यदि हमने डांट ना हो तो तब भी हम ऐसी भाषा का मां अपने मुंह से कोई उपहार मांगे जो उपहार आपने देना है उसमें पहली चीज तो यह है कि आपके चरित्र में शक्ति की अभिव्यक्ति होना चाहिए परंतु इसका अर्थ यह भी नहीं कि शांत लोग भेरु होते हैं अस्वस्थ जो सभी मूर्तियों को सहन कर लेते हैं नहीं परंतु वह शांतिपूर्वक विरोध करने वाले लोग होते हैं आपको किसी चीज से भय नहीं है किसी चीज के आगे आपने झुकना नहीं है किसी चीज से समझौता नहीं करना है परंतु आप में ऐसे स्वभाव का विकसित होना अत्यंत आवश्यक है दूसरी चीज यह है कि आपकी इस शक्ति से आपके प्रेम की अभिव्यक्ति होना चाहिए प्रेम व स्नेह पूर्वक व्यवहार करना चाहिए आप जो चाहे करें चाहे भूखे रहें परंतु अन्य लोगों से करुणा एवं स्नेह पूर्वक व्यवहार करें ताकि अन्य लोगों पर प्रभाव पड़े और वह सोचे कि यह व्यक्ति अकखड़ नहीं

# हमले में गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष को बनाया षड़यंत्र रचने का आरोपी

**श्री गुरु सिंघ सभा,इंदौर के महासचिव स.जसबीर सिंघ गाँधी पर किये हमले के आरोपी को पुलिस द्वारा पकड़ा गया,वर्तमान अध्यक्ष रिंकू भाटिया का नाम सामने आया,उनके इशारे पर यह कृत्य किया गया।**



**इंदौर** -विगत 14 सितंबर 2023 को श्री गुरु सिंघ सभा,इंदौर के महासचिव स.जसबीर सिंह गाँधी रोज़ाना की तरह शाम को वल्लभ गार्डन,खातीवाला टैंक पर सैर करने गये थे,जब रात्रि 7.45 पर घर लोटने के लिये निकले तभी पीछे से एक आदमी ने उन पर ज़ोरदार हमला किया,वह आदमी तेज दोडकर कुछ दूर आगे खड़े अपने साथी जो मोटरसाइकिल चालू करा हुआ था पर बैठकर भाग गया।यह सारी घटना सीसीटीवी फुटेज में आ गई। जिसकी रिपोर्ट जूनी इंदौर थाने में लिखाई गई थी। आज 1 अक्तूबर 2023 को एस.पी श्री राजेश सिंघ जी द्वारा यह बताया गया की स.जसबीर सिंघ गाँधी पर जिसने हमला किया वह आरोपी पकड़े गये है,आरोपी द्वारा प्राथमिक जाँच में यह पाया गया की यह शख्स वर्तमान अध्यक्ष श्री गुरु सिंघ सभा स.मनजीत सिंह भाटिया (रिंकु) के शराब ठेके बढ़वानी में कार्यरत कर्मचारी है और उनके इशारे में ही यह घटना की गई। इस घटना से इंदौर सिख समाज में बहुत ज़्यादा रोष व्याप्त है।सारे समाज द्वारा इस कृत्य की घोर निंदा की जा रही है।

# त्योहारों में बाजारों ने बिगाड़ी चाल दो साल तक लेट चल रहे प्रोजेक्ट, वैकल्पिक मार्ग भी अच्छे नहीं, लोग जाम में फंस रहे



**इन्दौर ।** बारिश से शहर की सड़कों की हालत तो बदतर हो गई है। डेवलमेंट प्रोजेक्ट की कछुआ चाल से शहर के चौराहों, मुख्य बाजारों में भी लोग रोजाना ट्रैफिक जाम में फंस रहे हैं। कुछ प्रोजेक्ट के आसपास वैकल्पिक व्यवस्था भी ठीक नहीं होने से लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा है। शहर में ऐसे स्थान एक-दो नहीं है। चार बड़े चौराहे, मुख्य बाजारों की ओर जाने वाले रास्तों में यह काम चल रहे हैं। लोगों की परेशानी मध्य शहर में ही नहीं, रिंग रोड, बायपास के साथ कॉलोनियों के मुख्य मार्गों में भी कम नहीं है। इन कामों के कारण रोजाना लाखों लोग प्रभावित हो रहे है। घूम कर जाने से ऑफिस पहुंचने में देरी होती है। बड़े कामों की शुरुआत होने वाली है, जो पुराने चल रहे कामों के आसपास होने से परेशानी बढ़ाएगी। भंवरकुआं चौराहे, खजराना चौराहा, फूटी कोठी चौराहे के अलावा मध्य क्षेत्र में चल रहे स्मार्ट सिटी के काम, ड्रेनेज और पानी की लाइनों के कारण सड़कें खुदी पड़ी हुई हैं। इनमें से तो कई कामों की तो समय सीमा एक से दो बार बढ़ाई जा चुकी, फिर भी काम पूरा नहीं हो पाया। अधूरे निर्माण कार्यों के कारण लोगों को मुसीबत लगातार बढ़ रही है। त्योहारी सीजन की ग्राहकी शुरू होने से मध्य क्षेत्र के बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है, लेकिन जगह-जगह सड़कें खुदी होने के कारण दुकानदारों के साथ ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नया बस स्टैंड बनकर तैयार, लेकिन चुनाव के बाद ही हो सकेगा लोकार्पण

**इंदौर । इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा टीपीएस योजनाएं विकसित करने के साथ ही कई विकास के कार्य किये जा रहे हैं। फ्लाईओवर से लेकर, स्टार्टअप पार्क, कन्वेंशन सेंटर, ऑडिटोरियम, स्विमिंग पूल और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड बनाये जा रहे है।**




प्राधिकरण ने स्विमिंग पूल का लोकार्पण तो करा लिया, लेकिन नायता मुंडला बस स्टैंड का लोकार्पण नहीं कराया, जबकि यह भी पूरी तरह से तैयार हो चुका है। अब नई सरकार के हाथों नायता मुंडला और एमआर-10 बस स्टैंड का लोकार्पण होगा। क्योंकि इसी सप्ताह चुनाव आचार संहिता लग सकती हैं।

आईडीए द्वारा शहर में आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। शहर में एमआर-10 और नायता मुंडला बस स्टैण्ड बनाये जा रहे हैं। इन बस स्टैंड का उद्घाटन चुनाव बाद ही होगा। नायता मुंडला बस स्टैंड पूरा हो चुका हैं, इसके बाद भी इसका उद्घाटन प्राधिकरण ने नहीं कराया। 20 करोड़ की लागत से बने बस स्टैंड के सभी निर्माण संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। सम्भावना थी कि स्वीमिंग पूल के साथ नायता मुंडला का भी उद्घघाटन होगा, लेकिन आरई-2 का निर्माण पूरा नहीं होने से मामला अटक गया।

## 600 बसों की होगी क्षमता

बस स्टैंड में सभी सुविधाएं यात्रियों को मिलेगी। 600 बसों की क्षमता के इस बस स्टैंड में यात्रियों को महाराष्ट्र, हरदा, होशंगाबाद, खंडवा की बसे मिलेगी। यहां यात्रियों के चार पहिया और दो पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई हैं। बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों के लिए दुकानें, रेस्टोरेंट सहित बैठक व्यवस्था रहेगी। डिजिटल टिकिट घर और पूछताछ काउंटर भी बनाये गए हैं।

## अधूरी सड़क के कारण रुका लोकार्पण

नायता मुंडला बस स्टैंड का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन स्टैंड तक पहुंच मार्ग नहीं नही बन सका। इसलिए इसका लोकार्पण नहीं हो सका। आरई-2 सड़क को पालदा रोड से नहीं जोड़ा जा सका। कनाड़िया रोड से नायता मुंडला तक इसका निर्माण किया जा रहा हैं। इसमें कई स्थानों पर बाधाएं हैं। इसलिए निर्माण कार्य धीमा चल रहा हैं।

# स्वर्ण पदक जीत शहर पहुंचीं सुदीप्ति का जोरदार स्वागत




**इंदौर।** एशियन गेम्स की घुड़सवारी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली इंदौर की बेटी सुदीप्ति हजेला का रविवार को शहर आगमन पर अलग-अलग संगठन ने स्वागत किया। भास्कर से चर्चा में उन्होंने कहा- खेल के स्तर को बढ़ाने के लिए दो साल से जर्मनी और यूरोप में प्रैक्टिस की। लॉकडाउन में भी ट्रेनिंग को रुकने नहीं दिया। उसी ट्रेनिंग का फायदा एशियन गेम्स में मिला और हम पदक जीतने में सफल रहे। अब अगला लक्ष्य ओलिंपिक में स्वर्ण जीतने का है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )